# भारतीय जनता पार्टी

(केन्द्रीय कार्यालय)
6ए, दीनदयाल उपाध्याय मार्ग, नई दिल्ली

17 मई 2024, शुक्रवार

**केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह द्वारा उत्तर प्रदेश के ऊंचाहार (अमेठी) में आयोजित जनसभा में दिए गए उद्बोधन के मुख्य बिंदु**

**इंडी अलायन्स वाले आएंगे तो राम मंदिर पर फिर से बाबरी ताला लगाएंगे**

****************

**इंडी अलायन्स परिवारवादी गठबंधन है, इनके नेताओं की नीति है 'फैमिली फर्स्ट'**

****************

**रायबरेली और अमेठी किसी के परिवार की सीट नहीं, गरीब युवाओं की सीट है; यहाँ के लोग जिसे चाहेंगे वो जीत कर जाएगा**

****************

**रायबरेली और अमेठी में कमल खिलेगा और 400 पार हो जाएगा**

****************

**परिवार की सीट कहने वालों ने अपने क्षेत्र में कलेक्टर ऑफिस तक नहीं खुलवाए, ये काम भाजपा सरकार ने किया**

****************

**600 लोग अलग-अलग दुर्घटना में मारे गए, लेकिन गांधी परिवार मिलने नहीं आया**

****************

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री और भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता श्री अमित शाह ने आज शुक्रवार को उत्तर प्रदेश के अमेठी में आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए नरेन्द्र मोदी सरकार में हुए विकास कार्यों को रेखांकित किया और कांग्रेस व सपा की भ्रष्टाचारी व परिवारवादी मानसिकता पर जमकर निशाना साधा। कार्यक्रमों के दौरान मंच पर केंद्रीय मंत्री व अमेठी से लोकसभा प्रत्याशी श्रीमती स्मृति ईरानी, रायबरेली से लोकसभा प्रत्याशी श्री दिनेश प्रताप सिंह और भाजपा नेता श्री मनोज पांडेय सहित अन्य पदाधिकारीगण उपस्थित रहे।

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कहा कि 70 वर्षों की प्रतीक्षा के बाद श्री नरेन्द्र मोदी ने अयोध्या में प्रभु श्री राम के मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा की है। कांग्रेस वाले कहते हैं कि राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा ढंग से नहीं हुई। यदि ये इंडी गठबंधन वाले सत्ता में आए, तो फिर से मंदिर पर बाबरी ताला लगा देंगे। **यह घमंडिया गठबंधन परिवारवादी सोच रखने वाले लोगों का गठबंधन है। लालू यादव अपने बेटे को, ममता बनर्जी अपने भतीजे को मुख्यमंत्री बनाना चाहते हैं और सोनिया गांधी अपने बेटे को प्रधानमंत्री बनाना चाहती हैं।** उन्होंने कहा कि **कांग्रेस वाले कह रहे हैं कि रायबरेली और अमेठी उनके परिवार की सीट है, यह सीट किसी परिवार की नहीं, बल्कि रायबरेली और अमेठी के गरीब युवाओं की सीट है और जिसे रायबरेली व अमेठी की जनता चाहेगी वही चुनकर संसद जाएगा।** लोकतंत्र में परिवार की कोई सीट नहीं होती, जो संकट में साथ रहता है और विकास करता है वही सीट पर विजयी होता है। आज पूरे देश का मीडिया कह रहा है और यह तय है कि अमेठी में श्रीमती स्मृति ईरानी व रायबरेली में श्री दिनेश प्रताप जीतकर दोनों सीटें श्री नरेन्द्र मोदी जी की झोली में देंगे।

श्री शाह ने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने 70 वर्षों से धारा 370 को संभालकर रखा था लेकिन श्री नरेन्द्र मोदी ने धारा 370 जड़ से समाप्त कर दिया। कांग्रेस पार्टी कह रही है कि वो धारा 370 को वापस लाएंगे। **आदरणीय प्रधानमंत्री जी ने इस देश से आतंकवाद को समाप्त किया है, सर्जिकल और एयरस्ट्राइक करके पाकिस्तान के घर में**

**घुसकर भाजपा सरकार ने आतंकवादियों का सफाया किया है जबकि कांग्रेस नेता मणिशंकर अय्यर और इनके सहयोगी फारुख अब्दुल कहते हैं कि पाक अधिकृत कश्मीर की बात मत करो, क्योंकि कश्मीर के पास एटम बम हैं। राहुल गांधी और कांग्रेस को डरना है, तो डरे लेकिन पाक अधिकृत कश्मीर भारत का है और भारत उसे वापस लेकर रहेगा।** एक ओर श्री नरेन्द्र मोदी हैं जिनपर 23 साल तक मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री रहते हुए 4 आने के भी भ्रष्टाचार का आरोप नहीं लगा, दूसरी ओर कांग्रेस के नेतृत्व वाला इंडी गठबंधन है जिसने 12 लाख करोड़ के घोटाले-भ्रष्टाचार किए हैं। घमंडिया गठबंधन के नेताओं के घर से 350 करोड़ रुपए मिले, इन लोगों ने देश को लूटने का कार्य किया है। जिन-जिन लोगों ने भ्रष्टाचार किया है, उन्हें जेल की सलाखों के पीछे भेजने का कार्य नरेन्द्र मोदी सरकार करने वाली है।

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश के विकास के लिए आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने ढ़ेर सारे कार्य किए हैं, जिनमें मुख्य रूप से 14 एक्सप्रेस-वे, 12000 किमी का हाइवे, प्रभु श्रीराम मंदिर, काशी विश्वनाथ कॅारिडोर, मेट्रो रेल, मेडिकल कॅालेज, मोबाइल निर्माण में योगदान 60 प्रतिशत, फिल्म सिटी, हैंडिक्राफ्ट पार्क, मेगा फूड पार्क, लॅाजिस्टिक हब, ट्रांस गंगा सिटी और गोरखपुर में प्लास्टिक पार्क का निर्माण शामिल हैं। **कांग्रेस पार्टी के लोग जिसे परिवार की सीट कहते हैं वहां 70 सालों से कोई कलेक्टर ऑफिस भी नहीं था, लेकिन 2018 में कलेक्टर ऑफिस की नींव डालने का कार्य श्री योगी आदित्यनाथ की सरकार ने किया।** आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के मार्गदर्शन में मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ ने माफियों और गुंडों को प्रदेश से चुन-चुन कर साफ करने का कार्य किया है।

श्री शाह ने कहा कि अमेठी और रायबरेली के लोग वर्षों से गांधी परिवार को अपना नेता मानते रहे, लेकिन उन्होंने कभी यहां की जनता को अपना नहीं माना। श्री मनोज पांडेय जी ने बताया कि **रायबरेली में लगभग 600 लोगों की अलग-अलग दुर्घटनाओं में मृत्यु हुई, लेकिन सोनिया गांधी उने मिलने तक नहीं आईं। श्रीमति स्मृति ईरानी मुंबई से आईं हैं, लेकिन गौरीगंज में घर बनाकर रह रही हैं और यहां से मतदाता भी हैं।** रायबरेली से भाजपा के प्रत्याशी श्री दिनेश प्रताप सिंह 24 घंटे और 365 दिन जनता के बीच रहने वाले व्यक्ति हैं। अमेठी और रायबरेली की जनता से निवेदन है कि ऐसे जन प्रतिनिधि को चुनें जो हर सुख-दुख में आपके साथ खड़ा रहे। 10 वर्षों में आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने उत्तर प्रदेश के विकास के लिए 18 लाख 55 हजार करोड़ रुपए दिए हैं जबकि सोनिया-मनमोहन की सरकार ने उत्तर प्रदेश को सिर्फ 4 लाख करोड़ दिए थे। उन्होंने जनता से स्थानीय प्रत्याशियों को विजयी बनाने की अपील करते हुए कहा कि रायबरेली और अमेठी की सीटों पर कमल खिला दो तो 400 पार का आंकड़ा यहीं से हो जाएगा और श्रीमति स्मृति ईरानी व श्री दिनेश प्रताप सिंह विजयी होकर यहां की सीटों से परिवार का तमगा हटाकर विकास की गंगा बहाने का कार्य करेंगे।

**************************